आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 09.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से उत्तराखण्ड में आयोजित किए जाएंगे।
- केंद्र सरकार ने एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को कम करने के लिए फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति को मंजूरी दी।
- उत्तराखंड पुलिस ने साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिये अन्य राज्यो में अपनाये जा रहे उपायों की जानकारी मांगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दसवीं बार रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा।

राष्ट्रीय खेल आयोजन

38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखण्ड में आयोजित किए जाएंगे। 25 अक्टूबर को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आम सभा की बैठक में राष्ट्रीय खेलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया जायेगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ ही शीतकालीन राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भी उत्तराखण्ड में होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पी.टी उषा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड पूरी तरह से तैयार है। राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य में बुनियाद ढांचा बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भव्य तरीके से किया जायेगा। जिन राज्यों में पिछले राष्ट्रीय खेल हुए हैं, उनके अनुभवों के आधार पर राज्य में और अच्छे तरह से खेलों के आयोजन के लिए कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार होने वाले राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अभी तक हुए राष्ट्रीय खेलों से बेहतर करने के प्रयास किये जाएंगे। श्री धामी ने कहा है कि खेलों की अच्छी व्यवस्था के साथ ही खिलाड़ियों और देश भर से आने वाले लोगों के लिए राज्य में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

केंद्रीय कैबिनेट

केंद्र सरकार ने एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को कम करने के लिए फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति को मंजूरी दी है। आज नई दिल्ली में कैबिनेट के फैसलों पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले समावेशी विकास की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना का कुल वित्तीय प्रभाव 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक होगा।

कार्यशाला

बागेश्वर जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान में परिवेशीय संसाधन आधारित अनुभवात्मक भौतिक राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हो गई है। छह दिवसीय इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुये जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि देश और समाज के विकास के लिए अनुसंधान महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस नीति से देश में शोध को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों और बच्चों को भौतिकी को आसानी से समझने का लाभ मिलेगा।
कार्यशाला में आईआईटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर पद्मश्री एचसी वर्मा ने जॉय ऑफ लर्निंग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक ऐसा माध्यम है जिससे बच्चे किसी भी चीज को आसानी से समझ सकते है।
वहीं हेमवती नंदन बहुगुणा श्रीनगर के प्रोफेसर नन्दन पांडे ने बताया कि विज्ञान की पढ़ाई में शिक्षक यदि विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक रूप से समझाएं तो विद्यार्थी उसे जल्द समझेंगे।

## साइबर अपराध रोकथाम

साइबर अपराध से निपटने के लिए उत्तराखंड पुलिस अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करेगी। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पांच राज्यों– महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखकर साइबर अपराधों के प्रभावी नियंत्रण के लिए उनके प्रदेश में उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत जानकारी मांगी है। यह कदम उत्तराखंड में साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रबंधन में सुधार लाने के प्रयासों का हिस्सा है। पुलिस महानिदेशक ने इन पांचों राज्यों से पुलिस स्टेशन, जिला और राज्य स्तर पर साइबर अपराधों के नियंत्रण के लिए बनाए गए तंत्र की जानकारी मांगी है। इसमें साइबर अपराध इकाइयों की स्थापना, प्रशिक्षित कर्मियों की नियुक्ति और उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का विवरण शामिल है। इसके अलावा किसी भी बड़े साइबर संकट से निपटने के लिए अपनाए गए प्रोटोकॉल और व्यवस्थाओं की जानकारी भी मांगी गई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि अन्य राज्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर उत्तराखंड पुलिस, साइबर अपराध से निपटने की अपनी कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार और बदलाव करेगी। साथ ही यह आपसी सहयोग राज्यों के बीच साइबर अपराधों की चुनौती से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और इस क्षेत्र में उभरते नए खतरों को अधिक प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा।

## भारतीय रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रिजर्व बैंक के गर्वनर शक्ति कांत दास ने कहा कि स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनाये रखी गई है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मुद्रास्फीति को निर्धारित लक्ष्य के भीतर बनाये रखने के लिए मौद्रिक नीति के समायोजन रुख को बदलकर तटस्थ करने का निर्णय लिया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि वित्तीय वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो निजी खपत और निवेश से प्रेरित है।

## डाक सेवा सप्ताह

रुड़की के मंगलौर डाकघर में डाक सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आम जनता और स्कूली बच्चों को डाक सेवा से संबंधित जानकारी दी गई। पोस्ट मास्टर ने बच्चों को डाक विभाग की सेवा के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि डाक सेवाओं का उपयोग आज भी हो रहा हैं। कार्यक्रम में डिजिटल स्तर पर ढाई अक्षर निबंध प्रतियोगिता के तहत बच्चों को डिजिटल युग में पत्र की महत्वता के बारे में बताया गया और डाक विभाग द्वारा चलाई गई योजना की जानकारी दी गयी।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने चमोली में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थस्थल गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब में मत्था टेका और प्रदेश की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान राज्यपाल ने हेमकुंड में हुए अवस्थापना विकास कार्यों और यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिये बनाये गये पैदल मार्ग और हेलीपैड की सराहना की।

गौरतलब है कि हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को खोले गए थे। अब तक एक लाख 84 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने इस पवित्र स्थल के दर्शन किए हैं। इस वर्ष श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के कपाट शीतकाल के लिए दस अक्टूबर को बंद कर दिए जांएगे।

आयुष्मान भारत योजना

आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य निदेशालय से मिले लक्ष्य के सापेक्ष चंपावत जिले ने 60 प्रतिशत से अधिक लोगो के आयुष्मान कार्ड बना लिए है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ देवेश चौहान ने बताया कि जिले में लगभग दो लाख साठ हजार आयुष्मान कार्ड बनने है जिसके सापेक्ष एक लाख चालीस हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। जबकि दस हजार से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए हैं।

नवरात्र

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर राज्य के देवी दुर्गा के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। टिहरी गढ़वाल में स्थिति प्रसिद्व शक्तिपीठ चंद्रबदनी मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर माता के 9 रूपों की पूजा 9 दिनों तक की जाती है। इस अवसर पर दूरदराज से श्रद्धालु देवी के दर्शन के लिये पहुंच रहे है। मंदिर के पुजारी कीर्ति राम भट्ट ने बताया कि मंदिर में सप्तमी अष्टमी और नवमी में विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। वही हरिद्वार में आज नील पर्वत पर स्थित मां चंडी देवी के दर्शनों के लिए भारी भीड़ है।